





## खबर संक्षेप

### बारिश की संभावना, दो दिन बाद गिरेगा तापमान

**धमतरी**। आज और कल मौसम फिर खराब होने वाला है। प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। दो दिन बाद



न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर पश्चिम भारत में समुद्र तल से 12.6 किमी की ऊंचाई पर 140 समुद्री मील तक की जेट स्ट्रीम हवाएं चल रही हैं। 8 दिसंबर से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र और उत्तर पश्चिम भारत के आसपास मैदानी क्षेत्र एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ से प्रभावित होने की संभावना है। शनिवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। आकाश के आंशिक मेघमय रहने से अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान 32 डिग्री तथा 18 डिग्री के आसपास रह सकता है।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 को

**धमतरी**। छग पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 दिसम्बर रविवार को दोपहर 2 बजे से कर्मचारी भवन धमतरी में आयोजित है। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जायेगी। संघ के सदस्यों से उपस्थिति का आग्रह कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह गजेन्द्र, गणेशराव पवार, बलवंत राव पवार, लालाराम मगेन्द्र, डॉ. भारती राव, एसआर नेले एवं हनुमान सिंह वर्मा ने किया है। यह जानकारी सचिव अरूण कुमार गौर ने दी है।

### रायगढ़ में अग्निवीर सेना भर्ती रैली 12 तक

**धमतरी**। अग्निवीर भर्ती के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 4 से 12 दिसम्बर तक रायगढ़ स्थित स्टेडियम में भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी पुष्पा चौधरी ने बताया कि अग्निवीर (थल सेना) लिखित परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। धमतरी जिले के अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी पद के लिए 9 दिसम्बर और अग्निवीर टेक्निकल, क्लर्क, ट्रेडमेन पदों के लिए 11 दिसम्बर को शारीरिक दक्षता परीक्षा निर्धारित है। जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा धमतरी जिले के अभ्यर्थियों के लिए केवड़ा बाड़ी मंगल भवन, रैनबसेरा केवड़ा बाड़ी बस स्टैण्ड नया, पुराना और बेलादुला खर्राघाट मंगल भवन में निःशुल्क ठहरने की व्यवस्था की गई है।

## नगरीय निकाय चुनाव 2024-25 : महापौर-अध्यक्ष पद के लिए आमने-सामने होगी फाइट

# जनसंख्या के आधार पर ओबीसी को 50 फीसदी आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जनसंख्या के आधार पर पिछड़ा वर्ग के लिए 50 प्रतिशत सीटों के आरक्षण पर राज्य सरकार ने मुहर लगा दी है, लेकिन ऐसा नहीं है कि पिछड़ा वर्ग को नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कुल सीटों की आधी सीट मिलेगी। दरअसल अजा-अजजा के आरक्षण के बाद शेष बचे 50 प्रतिशत पर ओबीसी को आरक्षण दिया जाएगा। बाकी का 50 प्रतिशत आरक्षण सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित रहेगा।

प्रदेश भाजपा सरकार की कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया गया कि महापौर अध्यक्ष का चुनाव सीधा एवं पिछड़ा वर्ग के लिए जनसंख्या के आधार पर 50 प्रतिशत सीटों पर आरक्षण मिलेगा। स्थानीय निर्वाचन शाखा से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक स्थानीय निर्वाचन शाखा में आरक्षण से संबंधित कोई भी आदेश नहीं मिला है, लेकिन जो बात छनकर आ रही है। उसके हिसाब से पूर्व में ओबीसी के 25 प्रतिशत के आरक्षण को बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया गया है। न्यायालयीन आदेशानुसार 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं दिया जा सकता। नगरपालिक निगम धमतरी में पार्षदों की कुल सीट 40 है। इसमें से 50 प्रतिशत यानी 20 सीटों पर आरक्षण किया जाएगा।

सन 2011 की जनगणना के अनुसार 40 वार्ड में 89 हजार 460 की आबादी है। शहर में अनुसूचित जनजाति की आबादी 7288 है, यानी कुल आबादी का 8.11 प्रतिशत है। 40 वार्डों में 8 प्रतिशत की जनसंख्या की 3 सीटों पर अजजा वर्ग को आरक्षण मिल रहा है। इसी तरह 40 वार्डों में अनुसूचित जाति की आबादी 8553 है। यह कुल जनसंख्या का 9.11 प्रतिशत होता है। 40 वार्डों में 9.51 प्रतिशत आबादी के अनुसार 4 सीटों पर अजा वर्ग को आरक्षण मिल रहा है। वही ओबीसी वर्ग को 25 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा था जिसके तहत 40 वार्ड में 10 सीटों को पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण मिला था। अब आने वाले निकाय, पंचायत चुनाव में पिछड़ा वर्ग का रेसियो 50 प्रतिशत के आधार पर होगा। कहा जाए तो 8.11 अजजा, 5.51 प्रतिशत अजा यानी दोनों वर्ग का आरक्षण करीब 18 प्रतिशत होता है। 50 प्रतिशत कुल आरक्षण में 32 प्रतिशत शेष आरक्षण ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित होगा। 32 प्रतिशत यानी 13 सीटों पर पिछड़ा वर्ग के लोगों को प्रतिनिधित्व मिलेगा। आरक्षण का आधार 2011 की जनगणना होगा।

### 2019 के चुनाव में आरक्षित, अनारक्षित वार्ड

सन 2019 के नगर निगम चुनाव में अनुसूचित जनजाति के लिए 3 वार्ड को आरक्षित किया गया था जिसमें गोकुलपुर वार्ड अजजा महिला, बठेना तथा सोरिद वार्ड अजजा मुक्त रहा। अनुसूचित जाति के लिए 4 वार्ड को आरक्षित किया गया था। जिसमें हटकेशर वार्ड महिला तथा साल्हेवारपारा, महंत घासीदास, दानीटोला वार्ड मुक्त रहा। मुक्त यानी जिसमें पुरूष-महिला दोनों चुनाव लड़ सकते हैं। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग के लिए लालबगीचा, आमापारा, कोष्टापारा, महिमासागर, सदरबाजार, बांसपारा, मराठापारा, मोटरस्टैंड, नयापारा, जोधापुर को ओबीसी के लिए आरक्षित किया गया था जिसमें 3 ओबीसी महिला का भी आरक्षण हुआ था।





### 2019 में सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित वार्ड

नगर निगम में सामान्य वर्ग के लिए शीतलापारा, सुंदरगंज सरदार वल्लभ भाई पटेल, औद्योगिक वार्ड, नवागांव, मकेश्वर, श्यामाप्रसाद मुखर्जी, सदरबाजार उत्तर, ब्राम्हणपारा, जालमपुर, विंध्यवासिनी, महात्मा गांधी, रामपुर, पोस्ट आफिस, बनियापारा, रिसाईपारा पूर्व, रामसागरपारा, टिकरापारा, डा. अम्बेडकर, रिसाईपारा पश्चिम, सुभाष नगर, स्वामी विवेकानंद, डाकबंगला वार्ड सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित रहा।

## रोड किनारे पसरा लगने से हो रही परेशानी

# पौनी-पसारी योजना के चबूतरे अब भी खाली



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के अंदर पौनी-पसारी योजना के तहत पात्र लोगों को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से शेडयुक्त चबूतरा बनाया गया है। आवंटन में कई माह बीतने के बाद यहां दुकान नहीं लग रही है। चबूतरा खाली होने से योजना पर ग्रहण लग गया है।

उल्लेखनीय है कि शहर के 4 स्थानों पर 41 नग शेडयुक्त चबूतरा का निर्माण 52 लाख रूपये की लागत से किया गया है। कर्मा चौक में 13, सोरिद पुल में 12, इतवारी बाजार में 10 तथा हटकेशर में 6 नग चबूतरे हैं। नीलामी के जरिये आवंटित इन चबूतरों में अब भी पसरा नहीं लग पाया। ऐसे व्यवसायियों को अब भी सड़क किनारे बैठना पड़ रहा है जिससे चबूतरा शेड उपयोगविहीन हो गया है। 2 साल बीत जाने के बाद भी शेड खाली है। इधर निगम ने इसे गंभीरता से लेते हुए दुकानें वापस लेने की कार्रवाई शुरू कर दी है। दुकानों को वापस लेकर पात्र हितग्राहियों को आवंटित किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य पारंपरिक व्यवसाय को बढ़ावा देने के साथ रोजगार का अवसर उत्पन्न करना है लेकिन लोगों ने इस योजना को लेकर खास दिलचस्पी नहीं दिखाई है।

# ट्रक की ठोकर से अकोला महाराष्ट्र के पिकअप सवार दर्जनभर लोग घायल

■ घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेंस और हाईवे पेट्रोलिंग वाहन से भखारा अस्पताल लाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

पुराना धमतरी-रायपुर मार्ग में नगर पंचायत भखारा के पास अकोला महाराष्ट्र से राजाराव पठार मेला सामान बिक्री करने के लिए जा रहे दर्जनभर पिकअप सवार को ट्रक ने ठोकर मार दी, जिससे पिकअप सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं।

मिली जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे भखारा में हुई। रायपुर से आ रहे अकोला महाराष्ट्र के कुछ लोग पिकअप में सवार होकर राजाराव पठार मेला में सामान की बिक्री करने के लिए जा रहे थे। महिन्द्रा पिकअप सीजी 04 टीटी 3873 आगे चल रही थी। उसके पीछे बोलेरो पिकअप सीजी 04 एनयू 6146 चल रही थी। भखारा प्रवेश द्वार के पास रायपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने दोनों पिकअप को ठोकर मार दी जिससे पीछे चल रही पिकअप डिवाईडर और साईन बोर्ड में टकराने के बाद पलट गई। पलटने के बाद अफरा-तफरी मच गई। हादसे में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गये जिसमें 3 गंभीर बताये गये हैं।





सूचना मिलते ही भखारा तहसीलदार भूपेन्द्र चंद्राकर, नायब तहसीलदार विनोद बंजारे, थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर स्टाफ के साथ घटनास्थल पहुंचे। घायलों को 108 एम्बुलेंस और हाईवे पेट्रोलिंग वाहन से भखारा अस्पताल ले जाया गया। बताया गया कि दोनों पिकअप को ठोकर मारने के बाद ट्रक एक साइकल को रौंदते हुए धमतरी की ओर फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से अज्ञात ट्रक की तलाश कर रही है।

### जहर सेवन कर युवक ने की आत्महत्या

**धमतरी**। पत्नी की बातों से नाराज होकर युवक ने छत पर रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस के अनुसार ग्राम केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कुकरेल निवासी कुलेश्वर मरकाम पिता नकुलराम उम 35 वर्ष मजदूरी करता था। वह शराब सेवन करने का आदी था। गुरुवार को भी युवक शराब सेवन कर घर पहुंचा था। यह देख पत्नी लतेश्वरी मरकाम ने कुलेश्वर को रोज शराब पीकर आने और घर के खर्च पर ध्यान नहीं देने की बात कही। इसी बात से नाराज होकर युवक ने घर पर रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। उसे उपचार के लिए कुकरेल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। रिफर किए जाने पर युवक को जिला अस्पताल लाया गया। यहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

# लापता अधेड़ का शव 6 दिन बाद गंगरेल में मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ पोस्टमार्टम के लिए रायपुर रिफर किया गया

बीत छह दिनों से लापता अधेड़ का शव गंगरेल के नर्सरी जंगल में संदिग्ध हालत में मिला है। शव में सड़न शुरु हो जाने के कारण पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल से रायपुर रिफर कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार रूद्री पुलिस को शुक्रवार की सुबह गंगरेल क्षेत्र के ग्राम डांगीमांचा व मानववन के बीच नर्सरी जंगल में अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच कार्रवाई में जुट गई। शव की पहचान सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम पदमपुर निवासी विरेंद्र देवांगन पिता गिरधरीलाल उम्र 55 वर्ष के रूप में की गई। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजन घटनास्थल पहुंचे और शव की शिनाख्ति की। परिजनों ने पुलिस को बताया कि विरेंद्र कृषि कार्य करता था जो 1 दिसंबर से घर से लापता था। आसपास तलाश करने के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिलने पर 3 दिसंबर को सिहावा थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। शव का डीकम्पोज होना शुरु हो गया था जिसके कारण दुर्गंध आ रही थी। हालांकि उसके शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं पाये गये। मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। वहीं प्राप्त निर्देश पर एफएसएल टीम को भी सूचना दी गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया। पंचनामा की कार्रवाई पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए रक्तदान एम्बुलेंस के शिवा प्रधान व कौशल सिन्हा द्वारा जिला अस्पताल के मर्च्यूरी लाया गया। लेकिन शव के डीकम्पोज होने के कारण डॉक्टर ने पोस्टमार्टम के लिए रायपुर रिफर कर दिया। शव का आज पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही अधेड़ की मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।





### मौके से कोई भौतिक साक्ष्य नहीं मिला

रूद्री थाना के विवेचक एएसआई गणेश्वर वर्मा ने बताया कि गंगरेल के ग्राम डांगीमांचा के पास नर्सरी जंगल में एक व्यक्ति की लाश मिली है। उसकी पहचान विरेंद्र देवांगन ग्राम पदमपुर थाना सिहावा निवासी के रूप में की गई है। शव के डीकम्पोज होने के कारण पोस्टमार्टम के लिए डाक्टर ने रायपुर रेफर किया है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं पाये गए। वहीं घटनास्थल पर भी किसी तरह का भौतिक साक्ष्य नहीं मिला है। जांच की कार्रवाई जारी है।

### युवक ने लगाई फांसी

**धमतरी**। अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर के सिलिंग फेन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार संदीप ध्रुव पिता तुलसीराम उम्र 30 वर्ष नहरनाका चौक रतन कॉलोनी निवासी वाहन चलाने का काम करता था। दो तीन साल पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर कहीं चली गई है। पत्नी के जाने के बाद से युवक अपनी मां के साथ रहता था। गुरुवार की शाम युवक ने अपने बड़े भाई हेमंत ध्रुव से सब्जी मांगी। रात्रि में हेमंत सब्जी देने संदीप के घर गया। दरवाजा भीतर से बंद मिला। दरवाजा खोलने के लिए आवाज देने के बाद भी भीतर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। आखिर में हेमंत ने धक्का देकर दरवाजा खोल भीतर प्रवेश किया। यहां संदीप सिलिंग फेन में गमछे के फंदे पर लटका हुआ था। जीवित होने की संभावना के चलते रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया है।

## स्थगन आदेश के बावजूद सरपंच-सचिव की शह पर निर्माण कार्य जारी

# जिले में कानून व्यवस्था ताक पर, पीड़ित परिवार करेगा आत्मदाह



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कुरूद विकासखंड के ग्राम अंवरी में सरपंच के शह पर न्यायालयीन आदेश की बेखौफ धज्जियां उड़ाई जा रही है। हद तो तब हो गई जब 1 माह पूर्व स्थगन आदेश के बावजूद निर्माण कार्य शुरु करने की शिकायत तहसीलदार से करने के बाद भी उन्होंने न्यायालय आदेश का पालन कराने में कोई दिलचस्पी नहीं ली। कानून व्यवस्था से निराश पीड़ित भुनेश्वर साहू ने शासन प्रशासन के खिलाफ सपरिवार आत्मदाह करने की चेतावनी दी है।

कुरूद तहसील के ग्राम अंवरी निवासी भुनेश्वर साहू पिता नम्मूराम साहू 53 वर्ष ने बताया कि नायब तहसीलदार कुरूद के न्यायालय में 6 जून 2024 को आवेदन दिया था जिसमें अंवरी स्थित आबादी भूमि खसरा नं. 1253/364 रकबा 158.10 वर्गमीटर पर 40 वर्षों से काबिज है जिसका गांव के प्रमुख लोगों के मध्य लिखित राजीनामा भी हुआ है। यहां विष्णुराम पिता द्रोणाचार्य साहू दबंगई के साथ अवैध निर्माण कर रहा है। श्री साहू ने आगे बताया कि उनके आवेदन पर न्यायालय ने 19 जून 2024 को स्थगन आदेश पारित किया। स्थगन आदेश के बावजूद अंवरी के सरपंच-सचिव के शह पर विष्णुराम द्वारा पुनः निर्माण कार्य शुरु कर दिया गया है।

पीड़ित भुनेश्वर साहू का कहना है कि स्थगन आदेश के बावजूद निर्माण कार्य करने की शिकायत एक माह पहले 8 नवंबर 2024 को न्यायालय नायब तहसीलदार के समक्ष लिखित में की थी। इसके बाद भी स्थगन स्थल पर बेखौफ निर्माण कार्य किया जा रहा है, वहीं तहसीलदार द्वारा एक माह बीतने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। भुनेश्वर साहू का कहना है कि यह सब अनावेदक और तहसीलदार की मिलीभगत से संभव है। अगर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई तो कानून व्यवस्था का पालन नहीं करा पा रहे शासन-प्रशासन के खिलाफ सपरिवार आत्मदाह करेंगे जिसकी पूरी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी। कुरूद न्यायालय के नायब तहसीलदार दुर्गेश कंवर ने हरिभूमि को मोबाइल पर बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। शुक्रवार को मौके पर जाना था। आवश्यक कार्य के कारण मौके पर नहीं पहुंच पाया। अनावेदक द्वारा न्यायालयीन आदेश की अवमानना की जा रही है। शनिवार को इस मामले पर कार्रवाई की जाएगी।

### नाबालिग को बालसुधार गृह माना भेजा

**धमतरी**। दो शिक्षकों पर चाकू से हमलाकर उसे घायल करने वाले नाबालिग को कोतवाली पुलिस ने बालसुधार गृह माना भेजा दिया है।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को शहर के एक निजी स्कूल के दो शिक्षकों पर नाबालिग छात्र ने धारदार हथियार से हमलाकर घायल कर दिया था। इस घटना में एक शिक्षक के सिर पर गंभीर चोट आई थी। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने नाबालिग के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया था। बताया जाता है कि घटना के बाद उक्त नाबालिग छात्र सिनेमा हाल चला गया। फिल्म देखने के बाद कोतवाली पहुंचकर सरेण्डर कर दिया। पुलिस ने आरोपी नाबालिग को अभिरक्षा में लेकर किशोर कोर्ट में पेश किया। वहां से नाबालिग को बालसुधार गृह माना भेज दिया गया है।


हरिभूमि

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### मगरलोड कालेज में एड्स नियंत्रण पर हुई कार्यशाला

**मगरलोड।** यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में रासेयो इकाई एवं रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में एड्स नियंत्रण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड की मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शारदा ठाकुर, बीपीएम डॉ. मनोज पटेल, आईसीटी काउंसलर एलके ठाकुर थे। बीएमओ डॉ ठाकुर ने एड्स को एक गंभीर और लाइलाज बीमारी बताते हुए कहा कि एचआईवी संक्रमण असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सिरिंज या रक्त के प्रयोग और संक्रमित मां से नवजात में फैल सकता है। एचआईवी शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है, जिससे शरीर अन्य गंभीर बीमारियों का शिकार हो जाता है। आगे कहा कि एचआइवी एड्स के खिलाफ लड़ाई में हर व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। जागरूकता से ही समाज में फैली भ्रांतियों को दूर किया जा सकता है। मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमा चंद्राकार, डॉ.यशोदा साहू, निरूपा साहू, डॉ. सुशीला साहू, एनएसएस एवं रेडक्रॉस के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## निधन

### श्यामलाल कुंजाम



**धमतरी।** ग्राम धौराभाठा निवासी श्यामलाल कुंजाम 78 वर्ष का निधन हो गया। वे कुशल एवं लक्ष्मी नारायण कुंजाम के पिताजी थे। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### मैना देवी जैन



**कुरुद।** कुरुद निवासी श्रीमती मैना देवी जैन का आकस्मिक निधन 4 दिसम्बर को हो गया। वे भाजपा जिला मंत्री त्रिलोकचंद जैन, प्रेमचंद, मोहनलाल ओस्तवाल की माताजी थीं। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नाते-रिश्तेदार, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं नगरवासी शामिल होकर श्रद्धा सुमन भेंट किये।

### सुरेशचंद कोसरिया



**धमतरी।** स्थानीय निवासी सुरेशचंद कोसरिया 67 वर्ष का 4 नवम्बर को निधन हो गया। वे लावेन्द्र कोसरिया के पिता तथा कुलेश्वर कोसरिया, हिरेन्द्र कोसरिया, भुनेश्वर कोसरिया, दमलेश कोसरिया के चाचा थे। उनकी अंत्येष्टि शांति घाट में की गई, जहां समाजजन सहित गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धांजलि दी।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, दुर्गा मंदिर के पीछे, होम प्लेज के ऊपर धमतरी मो. 9174466336

नगर के राजा चक्रधर सिंह आडिटोरियम में हुआ ब्लाक स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन

# कला और सांस्कृतिक धरोहर का दिखा अद्भुत मिश्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर पंचायत कुरूद के राजा चक्रधर सिंह ऑडिटोरियम भवन में विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन हुआ जिसमें जिले भर से प्रतिभाशाली युवाओं ने अपनी कला और हुनर का शानदार प्रदर्शन किया।

इस आयोजन में सामूहिक गीत, नृत्य, एकल गीत, नृत्य, पेंटिंग, कहानी लेखन, कविता, विज्ञान मेला, कृषि उत्पाद जैसे विविध कार्यक्रमों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। सामूहिक लोक नृत्य में हर्षिता चंद्राकर ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि व्यक्तिगत्त लोक नृत्य में एकता निर्मलकर ने अपने अद्वितीय नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही कविता और विज्ञान मेला जैसी प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभागियों ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ज्योति चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष नपं कुरूद और जिला उपाध्यक्ष भाजपा ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी में अपार ऊर्जा और प्रतिभा है, जो अगर सही दिशा में इस्तेमाल की जाए, तो आप न केवल अपने परिवार और समाज, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणा बन सकते हैं।

इस अवसर पर बीआर वर्मा सीईओ, महेंद्रराज गुप्ता सीएमओ, दुर्गा साहू तहसीलदार, सीके साहू बीईओ, कुलेश्वर सिन्हा, चोवालाल साहू, टाकेन्द्र साहू, जितेंद्र साहू, तेजेश्वर टंडन, ओपी साहू, वंदना तिग्गा, मोनिका सिंह, नूतन साहू, वीणा साहू, खेमलता सोनकर, चेतन साहू, प्रतिमा पिल्ले, संगीता महोबे, रामेश्वर साहू, दीपक धीवर, प्रभा ठाकुर, एचबी कहार, राजेश पाण्डेय, अविनाश साहू, जीतेश्वर साहू, सुरेंद्र साहू उपस्थित थे।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए भारत सरकार हस्तक्षेप करे

### राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू, बौद्ध और ईसाई समुदाय पर हो रहे अत्याचार को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। बांग्लादेश में वर्तमान में जो अत्याचार किया जा रहा है वह न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन हैं, बल्कि इनसे हमारे साझा सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्य भी आहत हो रहे हैं। भारत हमेशा से विभिन्न धर्म, संस्कृति और आस्था का संगम रहा है। बांग्लादेश भी हमारे इतिहास, संस्कृति और समाज का एक अभिन्न हिस्सा है। फिर भी वहां पर हिंदू, बौद्ध और ईसाई समुदाय के खिलाफ हो रहे घृणित हमलों और अत्याचारों ने हमारी अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है।

महामहिम से इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल और ठोस कदम उठाने की मांग की है ताकि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय को सुरक्षा मिल सके और इन अत्याचारों को रोका जा सके। भारत सरकार इस विषय पर सकारात्मक हस्तक्षेप करे और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाएं।

# सेमरा में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम सेमरा में 5 दिसंबर से नौ दिवसीय श्रीमद भागवत महापुराण यज्ञ सप्ताह 5 दिसंबर से शुरू हुआ। यह कथा 12 दिसंबर तक चलेगी। कथावाचक नारायण महाराज जंजगिरी भिलाई हैं। अजय कुमार देवांगन परिवार की ओर से दुर्गा मंदिर प्रांगण में कथा आयोजित की गई है। प्रथम दिवस पारंपरिक वेशभूषा के साथ कलश यात्रा दुर्गा मंदिर से निकाली गई। गलियों का भ्रमण कर कलश यात्रा शीतला माता मंदिर पहुंची।

प्रथम दिवस कथावाचक नैवेदी स्थापना कर गौकरण कथा, परिक्षित जन्म, सुकदेव आगमन की कथा सुनाई गई। कलश यात्रा में विकास देवांगन, हेमचंद देवांगन, मानक देवांगन, इंदलप्रसाद साहू, दीनाराम देवांगन सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। द्वितीय दिवस सृष्टि वर्णन, बारह अवतार, कपिल उपदेश हुआ। तृतीय दिवस जड़ भरत आख्यान, महाभागवत कथा, अजामिल कथा, प्रहलाद चरित्र, नरसिंह अवतार, चतुर्थ दिवस गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार, श्रीराम कथा, श्री कृष्ण भागवत महापुराण, पंचम दिवस भगवान की बाललीला, माखनचोरी, गोवर्धन पूजा, षष्टम दिवस महारास, गोपी गीत, कंस उद्धार, रुक्मणि मंगल, सप्तम दिवस भगवान का विवाह, सुदामा चरित्र की कथा होगी। अष्टम दिवस यज्ञ पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा स्नान, महाप्रसादी का कार्यक्रम होगा।

# चाकूबाजी में घायल शिक्षकों का एनएसयूआई ने जाना हालचाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के एक निजी स्कूल में छात्र ने शिक्षकों पर चाकू से हमला किया। इस घटना के बाद एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने स्कूल पहुंचकर प्राचार्य, घायल शिक्षकों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।

एनएसयूआई के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि स्कूल में छात्र द्वारा शिक्षकों पर चाकूबाजी की गई जिसके कारण छात्रों और शिक्षकों में डर का माहौल व्याप्त है। एनएसयूआई ने छात्रों के मन से डर और तनाव को दूर करने के प्रयास से स्कूल के छात्रसंघ पदाधिकारियों और शिक्षकों से बातचीत की। एनएसयूआई ने कहा कि बढ़ते नशे ने युवाओं के साथ साथ पढ़ने वाले छात्रों को भी अपने चपेट में ले लिया है जिसके कारण इस प्रकार की घटनाएं घटित हो रही हैं। धमतरी में बिक रहे अवैध नशे पर ठोस कार्रवाई तथा स्कूल एवं छात्रों की सुरक्षा की मांग को लेकर एनएसयूआई एक बड़ा आंदोलन करेगी। मौके पर ओमप्रकाश मानिकपुरी, नमन बंजारे, तेजप्रताप साहू, नोमेश सिन्हा, त्रिभुवन मंडावी, घनश्याम नेताम, वेदराम, कृष्णा, अन्नू उपस्थित थे।

# पट्टे के लिए हितग्राहियों ने निकाली रैली

### मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 1 से लेकर वार्ड क्रमांक 9 में निवासरत नगरवासियों ने पट्टे की मांग को लेकर राजाबाड़ा नगरी से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय तक पैदल मार्च किया और तहसीलदार को मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। तहसीलदार नगरी ने कहा कि उनकी इस समस्या से शासन-प्रशासन को अवगत करवाएंगे। मौके पर पूर्व उपसरपंच व एल्डरमेन पेमन स्वर्णबर ने कहा कि ग्राम पंचायत से नगर पंचायत जबसे बना है तब से कई चीजों के लिए नगरवासी भटक रहे हैं। बीते 15 वर्षों में भारतीय जनता पार्टी की स्थानीय सरकार रही पर फिर भी सैकड़ों लोग पट्टे से वंचित हैं। नगर में तकरीबन 1800 आवास अभी और बनना है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि 50 वर्षों से निवासरत नगरवासियों को पट्टा उपलब्ध कराया जाए।

रैली में प्रमोद ध्रुव, विक्की खनूजा, जियाउद्दीन रिजवी, पूरन नेताम, टिकेश्वर ध्रुव, लक्ष्मी साहू, जितेंद्र ध्रुव, पेमन साहू, रघु साहू, नरेश पटेल, सुरेन्द्र यादव, सल्लू खान, रूपेश साहू समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# बाल मेला से बच्चों में छिपी प्रतिभा सामने आती है : सुलोचना

- सांकरा व गोरेगांव में हुआ बाल मेला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

मोबाइल क्रैचेस संस्था द्वारा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से विकासखंड के ग्राम सांकरा व गोरेगांव में बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेला को संबोधित करते हुए श्रीमती सुलोचना साहू सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग जनपद पंचायत नगरी ने कहा कि बाल मेला में बच्चों को अपनी प्रतिभाएं दिखाने का अवसर मिलता है। ऐसे कार्यक्रम से बच्चों को प्रोत्साहन मिलता है। कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती शशि ध्रुव सरपंच सांकरा ने कहा कि बाल मेला से बच्चों का रचनात्मक विकास होता है। कार्यक्रम में ग्राम व्यवस्था समिति सांकरा के प्रमुख गिरवर भंडारी ने सांकरा में भी लईका घर केंद्र खोलने हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि उपसरपंच पारस साहू, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से अनुश्री, नीरा नेताम महुआ बाहरा, चेतना साहू हिंछापुर, नगीना सोम नवागांव, सुखबती साहू खमरिया, नूतन साहू भैंसासांकरा उपस्थित थे। बाल मेला में ग्राम छिंदीटोला, रानीगांव, खमरिया, रामनगर, मसानडबरा, महुआबाहरा 1 व 2, हिंछापुर, भैंसासांकरा व नवागांव लईका घर के 55 बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। बच्चों ने फैंसी ड्रेस, गीत, कविता, डांस, सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी तथा खूब तालियां बटोरी।

इसी प्रकार ग्राम गोरेगांव में भी बाल मेला का आयोजन किया गया। सरपंच मालती ध्रुव, मीनादेवी शांडिल्य सरपंच फरसियां, धनेश्वरी अटलखाम उपसरपंच, सदानंद अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, लेखराम गंगबेर ग्राम समिति अध्यक्ष गोरेगांव, देवंतीन नागर्ची, संत यदुराज ग्राम पटेल, क्षमारानी यादव अध्यक्ष लईका घर प्रबंधन समिति के आतिथ्य में बाल मेला की गतिविधियां हुई। यहां 10 लईका घर के 65 बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी बाल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गोरेगांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 37 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवाइयां प्रदान की। चाईल्ड हेल्पलाइन धमतरी से नीलम साहू जिला समन्वयक, पूनम कोर्राम, नेहा देवांगन ने बच्चों के अधिकार, पाक्सो एक्ट, गुड टच बेड टच की जानकारी दी।

# स्वयंसेवकों ने बारहमासी गीतों पर मचाया धमाल

- गणेशपुर में रासेयो शिविर का समापन, एनएसएस के उद्देश्य एवं व्यक्तित्व विकास की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव के प्राचार्य डॉ. सीआर यदु के निर्देशन में रासेयो इकाई का ग्राम गणेशपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती रेखा कल्याण यादव, विशिष्ट अतिथि डॉ. ललित निषाद, श्रीमती मधुमिता प्राचार्य शामावि गणेशपुर थे।

प्रतिदिन शिविरार्थियों द्वारा प्रातःकालीन प्रभातफेरी निकाली गई। योग का प्रशिक्षण दिया गया। उसके बाद स्वच्छता अभियान चलाया गया। सड़कों, गलियों तालाब के घाट, स्कूल, पंचायत, मुक्तिधाम, चौक -चौराहों की सफाई की गई। प्रतिदिन दोपहर 2 से 4 तक बौद्धिक परिचर्चा हुई। कृषि विस्तार अधिकारी दिग्विजयसिंह ने फसल चक्र परिवर्तन के विषय में जानकारी दी। डॉ. मनोज साहू ने नशामुक्त भारत विषय पर परिचर्चा की। उन्होंने कहा कि नशा नाश की जड़ है। करियर निर्माण पर टिप्स दिए। प्राचार्य यमपुरी गोस्वामी, नानी कल्याण विद्यालय सरबदा की प्राचार्य स्वर्णलता लीमा ने भी अपने विचार रखे। टकेश्वर साहू, डेविड कुर्रे ने ऑनलाइन धोखाधड़ी के बारे में जागरूक किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से दिग्विजय सिंह ने विश्व एड्स दिवस पर अपने विचार रखे। एनएसएस जिला संगठक निरंजन हिरवानी एवं पीतांबर सिन्हा सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र कंडेल कॉलेज ने एनएसएस के उद्देश्य एवं व्यक्तित्व विकास पर स्वयंसेवकों को संबोधित किया।

स्वयंसेवक यशवंत पटेल ने छत्तीसगढ़ी भजन पर गीत प्रस्तुत किया। स्वयंसेवकों ने पंथी नृत्य, बारहमासी गीत, छत्तीसगढ़ी गीत , गुजराती, हरियाणवी, पंजाबी गानों पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। 4 दिसंबर को शिविर का समापन हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा कल्याण यादव व विशिष्ट अतिथि डॉ ललित निषाद थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ सीआर यदु ने की। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती पुष्पा दर्रो ने किया। मौके पर सह कार्यक्रम अधिकारी पृथ्वीराज साहू, लीना बैस समेत अनेक स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# मितान धारा फाउंडेशन ने की आर्थिक मदद



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

मितान धारा फाउंडेशन धमतरी ने ग्राम पंचायत कातलबोड़ के जररूतमंद लोगों की आर्थिक मदद की। पीलाबाई दीवान को पति के गुजर जाने पर 3100 रुपये, स्व. भानसिंह साहू के परिवार को 3000 रुपये प्रदान किया। फाउंडेशन ने गंभीर बीमारी के इलाज हेतु नरसिंग कंवर को 5000 रुपये एवं नागेंद्र साहू, कुंती कंवर एवं लखन निर्मलकर को 25-25 सौ रुपये की सहायता राशि प्रदान की। इस अवसर पर सरपंच सुनीता साहू, पंचगण डिकेश्वर ध्रुव, शांति यादव, केंवरा साहू, विवेक निर्मलकर, दुलेश्वर साहू के अलावा फाउंडेशन के सदस्य प्रदीप साहू एवं विरेंद्र कंवर उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत जुनवानी बना धमतरी विकासखण्ड का 92वां हर घर जल ग्राम

# जुनवानी के सभी घरों के नल में आ रहा शुद्ध पानी





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम जुनवानी धमतरी विकासखण्ड का 92वां हर घर जल ग्राम बन गया है। बीते दिनों ग्राम पंचायत भवन जुनवानी में ग्रामसभा का आयोजन कर हर घर जल की घोषणा की गयी। सरपंच चौथराम साहू ने बताया कि उनके गांव में जल जीवन मिशन के तहत लगाए गए नलों से हर घर में नियमित रूप से जल मिल रहा है। उन्होंने बताया कि योजना के संचालन, संधारण हेतु ग्राम में जल गुणवत्ता के लिए 5 महिलाओं को फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया है। ग्राम जल स्वच्छता समिति द्वारा गांव में जल संपत्तियों के रख-रखाव का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जलकर हेतु 75 रुपये की राशि निर्धारित की गई है। इसी शुल्क से बिजली का बिल, पम्प आपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, प्लम्बर को वेतन प्रदान किया जायेगा। ग्राम पंचायत जुनवानी में जल जीवन मिशन योजना के तहत सभी कार्य पूर्ण हो चुके हैं। ग्राम के सभी घरों में नल जल कनेक्शन हो गया है। सभी नल में पर्याप्त मात्रा में शुद्ध जल प्रदाय हो रहा है। सभी शासकीय एवं सार्वजनिक संस्थाओं स्कूल, आंगनबाड़ी, सामुदायिक शौचालय एवं सार्वजनिक भवनों में नल कनेक्शन की व्यवस्था की गई है। पाइपलाइन बिछाने के लिए हुई क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत हो चुकी है। पानी की सप्लाई और नलों के रखरखाव के लिए मासिक जलकर 70 रूपये मासिक लिया जाएगा। जल बहिनी साल में कम से कम तीन बार जल परीक्षण का कार्य करेंगी।

Pride of Dhamtari
राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
फ्लैक्स बैनर,बोर्ड,टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें हीरा आर्ट्स सदर बाजार,कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400


विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### लैंपस अध्यक्ष की रवि को मिली जिम्मेदारी

**भानुप्रतापपुर।** आदिम जाति सेवा सहकारी मर्यादित समिति लैंपस संबलपुर के अध्यक्ष का प्रभार रवि ठाकुर को मिला और उनको 5 दिसंबर को पदभार ग्रहण करवाया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, पूर्व लेंपस उपाध्यक्ष संबलपुर अमृत संचेती, ग्राम पटेल सेवक राम ठाकुर, भाजपा मंडल महामंत्री ज्वाला प्रसाद जैन, डिगेश खापड़े, पारसमल बोथरा, नरपत बोथरा, अनीश मिश्रा, लक्ष्मण कुलदीप, संबलपुर लैंपस के कर्मचारी जितेन्द्र ठाकुर, आत्मा राम कल्लो व अन्य उपस्थित रहे।

### महुआ शराब बरामद दो आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर।** थाना बांदे पुलिस ने 5 दिसंबर को छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी बांदे निवासी असीम अधिकारी के कब्जे से 100 एमएल महुआ शराब और मछली मार्केट बांदे के पास से आरोपी 32 वर्षीय सुकांत मंडल के कब्जे से 90 एमएल महुआ शराब को जप्त किया। दोनो आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत भैंसाकन्हार निवासी जितेश कुमार कोरेटी ने 4 दिसंबर को सुबह 10 बजें खेत की ओर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। भैंसाकन्हार निवासी 49 वर्षीय ईश्वर सिंह कोरेटी ने पुलिस को बताया कि मृतक ने फांसी लगाकर आत्महत्या किया है। आत्महत्या के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### एकलव्य में प्रवेश के लिए 10 तक मौका

**कांकेर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कांकेर द्वारा चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए वेबसाईट के माध्यम से 10 दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। भरे गए ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 11 से 19 दिसम्बर है तथा प्रवेश चयन परीक्षा 19 जनवरी दिन रविवार को प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी।

### सांवेर में जन समस्या निवारण शिविर स्थगित

**कांकेर।** कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा विकासखण्ड में शनिवार 07 दिसम्बर को बांदे क्लस्टर की ग्राम पंचायत सांवेर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाना था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक की चर्चा

**चारामा।** पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा चारामा की बैठक तहसील अध्यक्ष कन्हैया सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुई, जिसमें समान 17 दिसम्बर 2024 को आयोजित प्रांतीय सम्मेलन बीजापुर में सम्मिलित होने चर्चा किया। जीवित प्रमाण पत्र बैंक में जमा करने, नए सदस्यों को जोड़ने, वाचनालय की मरम्मत के लिए सहयोग राशि देने पर चर्चा किया यगा। पेंशनर नारायण दुबे के आकस्मिक निधन होने पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में मोली लाल ठाकुर, हीरालाल, एम. आई खान, एसआर नागराज, लीलाराम जैन ,सीपी साहू, शिवप्रसाद नेताम, मनराखन मरकाम, असवन सिन्हा, लीलाराम नेताम, आत्माराम जैन, रविशंकर दर्रो व अन्य उपस्थित रहे।

### बच्चों ने किया क्रिसमस ड्रामा का मंचन

**जगदलपुर।** ईबीए मिशन पूर्व माध्यमिक शाला में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम एवं क्रिसमस कार्यक्रम गीतों के साथ शुरू किया गया। शुरूआत की प्रार्थना डीएस रविन्द्र नाथ मैनेजर ईबीए मिशन शाला द्वारा किया गया। रेव्ह युसूफ सिंह श्रीमती मायादानी, जीपी हिल द्वारा केक काटकर और मोमबत्ती जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया।

प्रबंधक की समझाइश के बाद हड़ताल हुई खत्म, हमालों ने मामले की जांच की मांग की

# 55 बोरी धान हुआ गायब, सांकरा उपार्जन केंद्र के हमालों ने की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी/सांकरा

55 बोरी धान गायब होने होने के मामले में सांकरा के उपार्जन केंद्र में हमाल संघ ने हड़ताल की।

हमाल भुनेश, भानेद्र, कन्हैया लाल, शिवकुमार, रविकुमार, संत, खिलेशवर, यतींद्र साहू, पवन साहू ने बताया कि ने बताया कि सांकरा मंडी उपार्जन केंद्र से सही सलामत गाड़ी लोडिंग होने के बाद यहां से रवाना हुई जिसके बाद नगरी में धर्मकांटा कराया गया। यहा सब कुछ सही पाया गया। उसके बाद मिलर के पास पहुंचने बाद गिनती हुई जिसमें



55 बोरी धान कम मिला।

वाहन चालक ने हमालों के द्वारा कम लोडिंग करने की बात कही और तो और हमाली में लगाने से पहले सप्ताहिक पेमेंट देने की बात हुई थी। एक सप्ताह पेमेंट करने के बाद पेमेंट रोक दिया गया है। ऊपर से हमालों को बदनाम किया जा रहा है। इसी बात को लेकर हड़ताल की गई। प्रबंधक की समझाइश के बाद 2 से 3 घंटे के बाद हमालों ने हड़ताल खत्म कर दी। हमालों का कहना है कि 55 बोरी धान कम चलती गाड़ी से गायब हुआ है या कोई जानबूझकर गायब किया है। उसकी जांच होनी चाहिए।

प्रबंधक जीवनलाल साहू ने कहा कि हमाल हड़ताल पर नहीं है। साप्ताहिक पेमेंट नहीं मिला है। ऐसी कोई बात नहीं है। वहीं नोडल अधिकारी अमित नागेश ने इस मामले पर अनभिज्ञता जाहिर की। उपपंजीयक प्रदीप ठाकुर से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि संग्रहण केंद्र में वजन सही पाया गया। पेमेंट वाली बात पर काम रूका हुआ था। कुछ समय बाद काम चालू हो गया।

### छात्रों ने न्योता भोजन का लिया लुत्फ

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला सियारीनाला में छात्र टीनू पडौटी के जन्मदिन पर उसके पिता अर्जुन पडौटी ने सभी छात्र- छात्राओं को न्योता भोजन के रूप में खीर, पूड़ी, नमकीन, परोसा गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक खेमन सार्वा, सहायक शिक्षक सुनील कुंजाम, माध्यमिक शाला प्रधानपाठक हबिल तिर्की, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कल्याण कुंजाम, घनश्याम नेताम उपस्थित थे।

### तहसील ग्राम पटेल संघ के गुरुदयाल अध्यक्ष मनोनीत

**जीजामगांव।** तहसील ग्राम पटेल संघ भखारा की बैठक में पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष गुरुदयाल साहू ग्राम भेंडरवानी, उपाध्यक्ष शंभू चंद्राकर ग्राम सेनचुवा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र साहू ग्राम सेमरा बी, सचिव घनाराम साहू ग्राम कचना, संरक्षक गणेशराम, शिवप्रसाद मनोनीत किए गए।

## नगरी में एक थाली एक थैला अभियान शुरू




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

भारतीय संस्कृत का प्रमुख पर्व एवं आध्यात्मिक संगम प्रयागराज महाकुंभ हरित कुंभ प्लास्टिकमुक्त अभियान का शुभारंभ नगरी में रविवार को किया गया। ज्ञात हो कि 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में महाकुंभ होने जा रहा है। जिसमें 45 दिनों में अनुमानित 40 करोड़ श्रद्धालु सम्मिलित होंगे।

महाकंभ में कुल 40,000 टन कचरा उत्सर्जित होने का अनुमान है। हर कुंभ यात्री के पास भोजन के लिए थाली व सामान के लिए थैला हो तो कचरे को बहुत कम कर सकते हैं। इसी क्रम में नगरी में एक थाली -एक थैला अभियान का शुभारंभ रूपेन्द्र साहू, राजेश तिवारी, वीपी चंद्रा श्रीमाली ने किया।

## 36 दिव्यांग बच्चों ने बनाई आकर्षक पेंटिंग, ग्रीटिंग कार्ड




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर बीते दिनों स्थानीय शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय में सामर्थ्य विकास मेला का आयोजन किया गया। उप संचालक, समाज कल्याण ने बताया कि सामर्थ्य विकास मेला में जिले के शासकीय एवं अशासकीय संस्था के 500 से अधिक दिव्यांगजन एवं उनके सहयोगी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि एक एवं दो दिसम्बर को संस्था स्तर पर दिव्यांग बच्चों द्वारा खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न खेल जैसे नींबू-चम्मच दौड़, रस्सीकूद, लम्बी दौड़, ऊंची कूद, गोलाफेंक, मटकाफोड़ आयोजित किया गया।

इसमें प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। 36 दिव्यांग बच्चों द्वारा आकर्षक पेंटिंग, ग्रीटिंग कार्ड और सजावटी सामग्री की प्रदर्शनी भी लगाई गई। नाटक, गायन और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई।

## युवाओं को पढ़ाई के अलावा किसी न किसी कला में पारंगत होना चाहिए : अंबिका

■ नगरी में आयोजित किया गया विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगरी विकासखण्ड के पीएमश्री श्रृंगी ऋषि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सिहावा श्रीमती अंबिका मरकाम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि युवा उत्सव का अर्थ युवाओं की प्रतिभाओं को उजागर करना है। युवाओं को केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि किसी न किसी कलाओं में पारंगत होना चाहिए, इसके लिए हमें स्वयं का मूल्यांकन करना चाहिए। दूसरों की बातों को ध्यान न देते हुए स्वयं के निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि करनी चाहिए।





विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए कहा कि युवा अगर अपने देश के बारे में सोचना प्रारंभ कर दें, तो उस देश को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। इस युवा उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत लोक नृत्य एकल एवं सामूहिक, लोकगीत एकल एवं सामूहिक, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण, विज्ञान प्रदर्शनी एकल एवं सामूहिक, कृषि उत्पाद, हस्तशिल्प इत्यादि 12 विधाओं से प्रतिभागियों का चयन किया गया। विजेता प्रतिभागी जिला स्तरीय युवा उत्सव में अपनी सहभागिता देंगे। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## लखन व इंद्रजीत बने तेलीनसत्ती बूथ अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम तेलीनसत्ती में बूथ अध्यक्ष और बूथ समिति का गठन शक्ति केंद्र संगठन चुनाव प्रभारी डीपेन्द्र साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया। बूथ क्रमांक 66 में लखन साहू व बूथ क्रमांक 67 में इंद्रजीत साहू को सर्वसम्मति से बूथ अध्यक्ष चुना गया। शक्ति केंद्र संगठन चुनाव प्रभारी डीपेंद्र साहू ने कहा कि भाजपा की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं का चयन और प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है। बूथ अध्यक्ष और बूथ समिति के सदस्यों को अपने क्षेत्र में भाजपा की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रचारित करने और लोगों को जागरूक करने का काम करना होगा। मौके पर खम्हन लाल साहू, कृष्णा अठनागर, राधेश्याम ध्रुव, राकेश सिन्हा, भूपेश सिन्हा, नंदकुमार साहू, सत्यम सिन्हा, पिंटू साहू, सूरज सिन्हा, हितेश ध्रुव, अवध यादव, एनकुमार ध्रुव, ज्ञानिक राम ध्रुव समेत अन्य उपस्थित थे।

## अंजुमन स्कूल में हुई परख परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अंजुमन हायर सेकेण्डरी स्कूल में परख परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा में कक्षा 6वीं के 30 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा के संचालन में संकुल समन्वयक राजेश मनवानी, एफआई श्रीमती महेश्वरी, आब्जर्वर भगवान दास, शिक्षका श्रीमती राबिया खान का योगदान रहा। मौके पर सैयद असदुल हुसैन प्रशासक, प्राचार्य श्रीमती शबाना खान, उपप्राचार्य सत्तार खान, चित्रकुमार ध्रुव उपस्थित थे।

## नवागांव में होगा पांच दिव्यांग जोड़ों का सामूहिक विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति द्वारा 21 व 22 जनवरी को नवागांव (कंडेल) में पांच दिव्यांग जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया जायेगा।

शिक्षक घनश्याम सिंह साहू ने एक जोड़ा का कन्या दान करने की इच्छा व्यक्त की है। इसकी तैयारी में बसंत कुमार विश्नोई, रोहित, संतोषी विश्नोई, डेरहाराम, नीलकंठ, सुलेखा अली, ललेश्वरी, विशाखा जुटे हुए हैं।

## राष्ट्रीय गणित दिवस मनाने शिक्षकों की हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाने के लिए व्याख्याताओं, शिक्षकों की जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी टी आर जगदल्ले, सहायक संचालक लीलाधर चौधरी ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों को गणित का जीवन में वास्तविक प्रयोग, विद्यार्थियों के मन में गणित का भय क्यों है तथा उसे कैसे दूर किया जाए, इस पर चर्चा की।

मास्टर ट्रेनर आर डी प्रजापति ने शिक्षकों को किस प्रकार छात्रों में गणित के प्रति रुचि जागृत की जाए एवं गणित को रोचक प्रकार से



तथा खेल-खेल में किस तरह पढ़ाया जाए, इस पर जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर योगेश कुमार यदु ने गणित विषय पर मॉडल बनवाने तथा गणितीय पहेलियों के माध्यम से प्रश्नोत्तरी आयोजित करने के सुझाव दिए।

यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी एवं डीएसटी द्वारा आयोजित किया गया।

जिला समन्वयक एन पाण्डेय, रविंद्र कुमार साहू, मास्टर ट्रेनर आलोक मत्स्यपाल एवं अन्य शिक्षकों ने गणित का जीवन से अभिन्न संबंध बताया। 22 दिसंबर को श्रीनिवास रामानुजन जयंती पर आयोजित जिला स्तरीय गणित दिवस के आयोजन की जानकारी दी।

## स्कूलों में सुरक्षा व्यवस्था बनाने पुलिस ने ली बैठक





■ सिटी एसपी नेहा पवार ने विद्यार्थियों से सदाचरण सीखने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

स्कूली विद्यार्थियों को सदाचरण सिखाने एवं स्कूल परिसर में सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाये रखने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी सिलसिले में सिटी एसपी नेहा पवार ने स्कूल के प्राचार्यों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बीआरसी धमतरी कार्यालय में पुलिस प्रशासन और शिक्षा विभाग की विशेष बैठक रखी गई थी जिसमें धमतरी विकासखण्ड के समस्त शासकीय एवं प्राईवेट स्कूलों के प्राचार्य मौजूद रहे।

सिटी एसपी नेहा पवार ने संस्था प्रमुखों को कानून व्यवस्था के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यदि स्कूल या स्कूल के आसपास कोई घटना होती है तो तत्काल पुलिस को सूचना जरूर दें। उन्होंने सभी संस्था प्रमुखों से पालक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन कर विद्यार्थियों के पालकों से बच्चों के व्यवहार को समझकर अपनापन का भाव दिखाते हुए सदाचरण सिखाने की बात कही। संस्था प्रमुखों ने भी स्कूली समस्या के बारे में सिटी एसपी मैडम को अवगत कराते हुए निराकरण का निवेदन किया। बैठक में प्रमुख रूप से सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धमतरी कमलेश कुमार ध्रुव, बीआरसी ललित सिन्हा एवं संस्था प्रमुख उपस्थित थे।

### समाजसेवियों ने बुजुर्ग को दी बैसाखी

**नगरी।** ग्राम ठेमलीपारा निवासी छत्तरसिंह नेताम को चलने फिरने तकलीफ हो रही थी। समाजसेवी सन्नी छाजेड़, अनिल वाधवानी, खेमराज साहू, सत्यम भट्ट, खम्मन साहू ने उसे बैसाखी प्रदान की।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गलत कार्यों को प्रश्रय नहीं देना चाहिए : मोटवानी

**धमतरी।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने लाखों छत्तीसगढ़ वासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए मध्यप्रदेश से पृथक कर छत्तीसगढ़ राज्य को देश के नक्शे में अलग पहचान प्रदान की जिसके लिए राज्य की जनता सदैव उनका ऋणी रहेगी। उक्त बातें पार्षद विजय मोटवानी ने कही। आगे कहा कि प्रदेश सरकार और नगर निगम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाईपास विभाजित चौक का नामकरण स्वर्गीय अटल चौक के नाम पर किया जाता है तो वह स्वागत योग्य है। श्री मोटवानी ने आगे कहा है कि अच्छी चीजों का विरोध नहीं होना चाहिए और गलत कार्यों को प्रश्रय नहीं देना चाहिए। कांग्रेस का पूरा 5 वर्ष नगर विकास को बाधित करने, भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी में बीत गया।

### भौतिक शास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 10 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के बीएससी प्रथम सेमेस्टर भौतिक शास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 10 दिसंबर मंगलवार को प्रातः 9 बजे से होगी। संबंधित छात्र-छात्राओं को निर्धारित तिथि एवं समय पर अपनी प्रायोगिक फाइल एवं सामग्री के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

### भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा 14 को

**धमतरी।** कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत बीए प्रथम सेमेस्टर नियमित एवं स्वाध्यायी छात्राओं के भूगोल विषय की प्रायोगिक परीक्षा अब 14 दिसंबर को प्रातः 11 बजे होगी। पहले यह परीक्षा 12 दिसंबर को निर्धारित थी।

### मेंडरका में पंथी नृत्य प्रतियोगिता 19 से

**सिर्री।** ग्राम मेंडरका में सतनामी समाज के सहयोग से पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 19 एवं 20 दिसम्बर को किया गया है। पुरूष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5051 रू., द्वितीय 4051 रू., तृतीय 3051 रू. एवं महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 4051 रु., द्वितीय 3051 रू. तृतीय पुरस्कार 2551 रू. रखा गया है। बेस्ट नृत्य, संगीत, गायन, वादन, वेषभूषा, झांकी में 501 रूपये दिया जाएगा। प्रति मंडली को सांत्वना राशि 1151 रुपये दी जायेगी। प्रतियोगिता की तैयारी में सतनामी समाज के अध्यक्ष रेशम मारकण्डे, कोषाध्यक्ष आनंद बंजारे, सचिव शांतनु बंजारे, अनुज लहरे, कामदेव बंजारे, हेमकुमार बंजारे, रमीन मारकाण्डे, रामकुमार मारकण्डे, हिरामन जोशी, कामता बंजारे, हिरेन्द्र कोशले, जय सतनाम युवा संगठन के अध्यक्ष किशोर मारकण्डे, कोषाध्यक्ष चन्द्रहास बंजारे, भीषम मारकण्डे, भागीरथी बंजारे जुटे हुए हैं।

### अहिल्याबाई ने अपना पूरा जीवन राज्य और धर्म के उत्थान में लगाया

**मगरलोड।** शासकीय हाईस्कूल बोड़रा में पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती पर व्याख्यान कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड स्त्रोत समन्वयक टामेश्वर सिंह ठाकुर तथा मुख्य वक्ता जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख कामता प्रसाद साहू थे। इस अवसर पर प्राचार्य श्याम सुंदर साहू ने कहा कि विद्यालय में महापुरुषों की जयंती मनाने के पीछे यही उद्देश्य है कि हम महापुरुषों के बारे में जाने, उनके जीवन से कुछ प्रेरणा ले। देवी अहिल्याबाई के जीवन में घटित घटनाओं के बारे में कविता के माध्यम से बताया। टामेश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि हमारे पूर्वजों से मिली सांस्कृतिक विरासत, कला व संस्कृति को सहेजकर रखे ताकि आने वाली पीढ़ी उनसे कुछ सीख सके, उनका अनुकरण कर सके। कामता प्रसाद साहू ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर ने जीवन मूल्यों की रक्षा के लिए कार्य किया। साधारण कृषक परिवार में जन्मीं अहिल्या बाई असाधारण प्रतिभा की धनी थीं। सभी के साथ समान न्याय करती थीं।

अगले 2-3 दिन में धान का उठाव नहीं होगा तो रुक सकती है खरीदी

# पचपेड़ी उपार्जन केंद्र में धान रखने की जगह नहीं





हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

भखारा क्षेत्र की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रामपुर के उपार्जन केंद्र पचपेड़ी, जुगदेही समिति के उपार्जन केंद्र ग्राम सिलौटी, गातापार समिति के उपार्जन केंद्र ग्राम भेंडरा में इन दिनों धान की खरीदी सुचारू रूप से चल रही है। समितियों की धान तौलाई और रखी गयी व्यवस्था से किसान संतुष्ट हैं। वहीं समिति प्रबंधकों ने धान उठाव को लेकर चिंता जाहिर की है।

धान उठाव में हो रही समस्या को लेकर पचपेड़ी उपार्जन केंद्र के प्राधिकृत अधिकारी सतीश जैन ने बताया कि जबसे धान खरीदी शुरू की गई है तबसे लेकर अब तक एक भी गाड़ी धान का उठाव नहीं हुआ है। इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को दी गई है फिर भी व्यवस्था नहीं हो रही है। इससे फड़ में धान रखने की जगह नहीं है। अगले 2-3 दिन में धान का उठाव नहीं होगा तो कुछ दिन में खरीदी रुक जाएगी। इससे किसानों व समितियों को परेशानी होगी। शासन प्रशासन को तत्काल धान उठाव की व्यवस्था करनी चाहिए।

धान खरीदी के सुचारू संचालन के लिए पचपेड़ी उपार्जन केंद्र प्रभारी नरेंद्र कुमार, प्राधिकृत अधिकारी सतीश जैन, कंप्यूटर ऑपरेटर वेदराज साहू एवं सिलौटी उपार्जन केंद्र प्रबंधक खेमलाल साहू, प्राधिकृत अधिकारी भोलाराम साहू, फड़ प्रभारी हिमांचल साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर खिलावन साहू, गातापार समिति में प्रबंधक अशोक साहू, प्राधिकृत अधिकारी नंदकुमार साहू व भेंडरा उपार्जन केंद्र में प्रभारी शिवकुमार साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर योगराज साहू जुटे हुए हैं।

## इतवारी बाजार की पानी टंकी की वैज्ञानिक तरीके से हुई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के सभी ओव्हरहेड टेंक की सफाई शुक्रवार से प्रारंभ हो गई है। पहले दिन इतवारी बाजार स्थित दोनों ओव्हरहेड टेंक की वैज्ञानिक पद्धति से सफाई हुई। सफाई कार्य सतगुरू सेल्स सर्विसेस रायपुर की टीम ने किया है। सफाई कार्य समय से पहले कर दिया गया।

शाम को शहरवासियों को शुद्ध पेयजल मिला। इस मौके पर जल विभाग के अध्यक्ष अवैश हाशमी, जल अधीक्षक प्रकृति जगताप, लिपिक राजेन्द्र यादव, मंगलू निर्मलकर, रघुवीर ठाकुर, प्रहलाद मंडावी, खगेश यादव, टुमन साहू आदि मौजूद थे।

शनिवार को सुबह गायत्री मंदिर और सेंचुरी गार्डन स्थित पानी टंकी की सफाई की जाएगी।

## युवा भारत बनाने में जुटे स्वयंसेवक




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मेरा युवा भारत के लिए युवा थीम पर राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक की इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर 3 दिसंबर से 9 दिसंबर तक ग्राम पंचायत भोथापारा (माडमसिली) में आयोजित किया गया है। इस शिविर में शिविरार्थी की संख्या 51 है। शिविर के द्वितीय दिवस स्वयं सेवकों ने दिन की शुरुआत प्रभातफेरी एवं योग से की।

स्वयंसेवकों ने परियोजना कार्य में शिविर स्थल की साफ सफाई एवं प्राथमिक शाला की बाउंड्री की पुताई की। स्वयंसेवकों ने स्कूली छात्र-छात्राओं का खेलकूद कराया तथा नृत्य सिखाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

शाम को स्वयंसेवकों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा अभियान को जनमानस के बीच रखा गया। संपूर्ण कार्यक्रम प्राचार्य जीआर साहू के निर्देशन व रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश डडसेना एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी टीके मरकाम के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने छग पुलिस के साथ वेतन पैकेज पर किया एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




बैंक ऑफ बड़ौदा ने छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ वेतन पैकेज के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ, डीजीपी अशोक जुनेजा छत्तीसगढ़ पुलिस, एडीजी प्रदीप गुप्ता की उपस्थिति में औपचारिक रूप दिया गया। इस अवसर पर बैंक के मुख्य रक्षा बैंकिंग सलाहकार, रणबीर सिंह सलारिया, पी वीएसएम, वीएस एम और दिवाकर प्रसाद सिंह, महाप्रबंधक और जोनल प्रमुख रायपुर जोन ने छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से एसआर पी कल्लूरी आईपीएस (आईजीपी- एडमिन) के साथ समझौता पत्र पर एक दूसरे को साझा किया। इस कार्यक्रम में किसलय प्रसाद, डीजीएम, क्षेत्रीय प्रमुख बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर और छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने इस पैकेज के साथ पुलिस जवानों के लिए 10 लाख रुपये का इनबिल्ट लाइफ इंश्योरेंस कवर और 130 लाख रुपये तक का एक्सीडेंटल इंश्योरेंस ऑफ़र सहित मृतक के बच्चों की शिक्षा के लिए विशेष सहायता का प्रावधान किया है। यह जानकारी धमतरी बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षत्रीय प्रमुख भवानी शंकर परिदा, उप क्षत्रीय प्रमुख राजीव कुमार और सरकारी बिजनेस क्लस्टर प्रमुख सूरज गुप्ता ने दी।

## सीईओ ने विभागीय अभिसरण से कार्य योजना तैयार करने ली बैठक





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत देवपुर के सद्भावना महिला संकुल स्तरीय संगठन भवन में जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने एकीकृत कृषि क्लस्टर में विभागीय अभिसरण से कार्ययोजना तैयार करने बैठक ली। इस अवसर पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से पौधरोपण कार्य करने, उद्यानिकी विभाग को नर्सरी तैयार करने, कृषि विभाग से बीज, पशुपालन विभाग से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि, टीकारण के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की आजीविका में वृद्धि हेतु चर्चा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी धरम सिंह, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीपक ठाकुर एवं संबंधित अधिकारी-कमर्चारी उपस्थित थे।

## अंबेडकर को अपने जीवन में काफी भेदभाव का सामना करना पड़ा




- कांग्रेसियों ने पुण्यतिथि पर भारतीय संविधान के जनक को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा भारतीय संविधान के जनक बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि अंबेडकर चौक में मनाई गई। इस दौरान महापौर विजय देवांगन ने बताया कि संविधान निर्माण में बाबा भीमराव अंबेडकर ने अहम योगदान निभाया। अंबेडकर को अपने शुरुआती जीवन में काफी भेदभाव का सामना करना पड़ा। उन्होंने तभी ठान लिया था कि वे समाज को इस कुरीति से मुक्ति दिलाने के लिए तत्पर रहेंगे। पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा ने भीमराव अंबेडकर को नमन कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. भीमराव ने कहा है कि स्वतंत्रता का अर्थ साहस है और साहस एक पार्टी में व्यक्तियों के संयोजन से पैदा होता है।

शिक्षा महिलाओं के लिए भी उतनी ही जरूरी है जितना पुरूषों के लिए। ज्ञान हर व्यक्ति के जीवन का आधार है। पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के रूप में देश को एक पवित्र ग्रंथ भेंट किया जो सर्वोच्च मार्गदर्शन है। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष योगेश शर्मा एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री अंबर चंद्राकर ने किया। इस दौरान सभापति अनुराग मसीह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मदन मोहन खंडेलवाल, पार्षद सोमेश मेश्राम, कुशल देवांगन, चंद्रहास साहू, दीपक साहू, संजू साहू, नवीन गजेंद्र, मोहन ध्रुव, विशु देवांगन, पालू यादव, पुरानिक, पवन यादव, शेख सोहेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## फूड कोर्ट माल की दुकानों का किराया कम करने की लगाई गुहार



- ग्रामीणों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं उप संचालक पंचायत को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम संबलपुर में निर्मित फूड कोर्ट माल का किराया कम करने ग्रामवासियों ने शुक्रवार को सीईओ की अनुपस्थिति में जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर एवं उप संचालक पंचायत अविनाश मसराम को ज्ञापन सौंपा। श्री चन्द्राकर ने ग्रामवासियों को त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे ग्रामवासी रामकृष्ण महाती, सतीश चन्द्राकर, टार्जन सोरी, मोहित साहू, तामेश्वर साहू, नेत्रप्रकाश रामटेके, उमा देवी, राहुल नेताम, सोमप्रकाश यादव, वीणा सोरी, चन्द्रिका, नेहा ध्रुव, कृष्णकांत पटेल, हरिशचंद्र, अजय महाती, डेविड साहू, प्रीतिबाला, छगेन्द्र, नीरा साहू, तोरण साहू, प्रेमराम, ललित, भुनेश्वरी आदि ने बताया कि संबलपुर के फूड कोर्ट माल में निर्मित 19 दुकानों का आवंटन नीलामी पद्धति से किया गया है, जिसमें प्रत्येक दुकान का मासिक किराया नीलामी हुई राशि से 0.045 प्रतिशत अधिक है।

सामान्य व ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित दुकानों की नीलामी राशि अत्यधिक होने से मासिक किराया बहुत ज्यादा हो रहा है। दुकानदारों की भावना को समझते हुए सामान्य व ओबीसी वर्ग के दुकानदारों के लिए मासिक किराया राशि में कमी करके एकमुश्त मासिक किराया राशि का अनुबंध करवाया जाए।

### जीएसटी की बारीकियों से अवगत हो रहे छात्र

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग के मार्गदर्शन में जीएसटी प्रैक्टिशनर पर 6 दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन 2 दिसंबर से किया गया है। उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता आयुष माहेश्वरी चार्टर्ड एकाउंटेंट धमतरी, प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक, आकाश कुमार उर्कुडे मैकेनिकल इंजीनियर, बी हरीश मैकेनिकल एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर दुर्ग, पीएम उषा प्रभारी अमित साहू, वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष अमरसिंह साहू थे।

## कन्या कालेज में एड्स दिवस पर हुई जागरूकता कार्यशाला




**धमतरी।** शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया के निर्देशन में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. एस.मधुप चिकित्सा अधिकारी जिला चिकत्सािलय धमतरी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शालिनीकुमारी एवं विशिष्ट अतिथि सूरज देव एवं पूनम देव थे। मुख्य वक्ता डॉ. मधुप ने कहा कि एड्स संक्रमित बीमारी है जिसका इलाज संभव नहीं है, किंतु सावधानियों से इससे बचा जा सकता है। हमारा जीवन अनमोल है, इसलिए सतर्कता ही बचाव है। डॉ शालिनी कुमारी ने बताया कि एक ही इंजेक्शन को बार-बार उपयोग करने से, असुरक्षित यौन संबंध से, ब्लड रिलेशन से एड्स की बीमारी होती है, इसलिए संक्रमित होने के कारणों की जानकारी रखकर बचाव करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक प्राध्यापक डॉ.रोहिणी मरकाम, तीजन साहू, जयश्री रणसिंह समेत बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक सतीश साहू व आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक मधुमाधव देव ने किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

रिपेयरिंग के बाद शहरवासियों ने ली राहत की सांस

# पीडी नाला की रिपेयरिंग शुरू, हादसा रोकने लगेगी जाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के नेशनल हाईवे मार्ग स्थित पीडी नाला में लगातार हुए हादसे के बाद आखिरकार निगम ने यहां रिपेयेरिंग का कार्य शुरू कर दिया है। रिपेयरिंग के बाद इसे मजबूती से लोहे की जाली से ढंका जाएगा ताकि हादसों की पुनरावृत्ति न हो। मुख्य मार्ग के बीचोबीच स्थित पीडी नाला के खुला रहने से यहां आये दिन हादसे हो रहे थे। एक की मृत्यु हो गई, दो अन्य दुर्घटना में लोग यहां गिरकर घायल हो गए थे जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा।

शहर के गणमान्य नागरिकों ने नाला को स्लेब या जाली से ढंकने की मांग नगर निगम प्रशासन से की थी। जिस पर निगम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को पीडी नाला के पास रिपेयरिंग का काम शुरू कर दिया है। रिपेयरिंग के बाद शहरवासियों ने राहत की सांस ली है।

विदित हो कि इस नाला से शहर का गंदा पानी बाहर निकलता है। कलकत्ता फोटो स्टूडियो के पास नाला का 4 फीट हिस्सा नेशनल हाईवे से लगा हुआ है। इस खुले हिस्से को सफाई के बाद ढंका नहीं गया था, जिससे यहां लगातार हादसे हो रहे थे।

बीते दो दिनों में दो लोग नाले में गिर गए थे जिसे आसपास के लोगों ने बाहर निकाला था। इस स्थान पर अगस्त माह में एक बाइक सवार युवक की दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी तब से लेकर लोग इस ढंकने की मांग कर रहे थे।

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।



CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511